

## Court Matter

# नेशनल लोक अदालत में विभिन्न, न्यायालयों के लंबित प्रकरण निराकृत

**न्यायसाक्षी@रायगढ।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निदेर्शानुसार जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के अध्यक्ष एन.डी.तिगाला के मार्गदर्शन में 8 अप्रैल को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया था। नेशनल लोक अदालत में जिला एवं उसके अन्तर्गत स्थित सभी तहसील न्यायालय सारंगढ़ खरसियाए घरघोड़ा एवं धरमजयगढ तथा परिवार न्यायालय में किया गया। जिला एवं तालुकाओं को मिलाकर समस्त न्यायालयों में गठित कुल 19 खण्डपीठों में कुल लंबित प्रकरण 1837 एवं प्रीलिटिगेशन प्रकरण 12355 को राजीनामा के आधार पर निराकरण हेतु रखा गया। इस प्रकार कुल 14192 रखे गये प्रकरणों में से लंबित 183 एवं प्रीलिटिगेशन 545 प्रकरण निराकृत हुये इस प्रकार कुल 728 प्रकरणों का निराकरणए जिला न्यायालय रायगढ एवं तहसील स्थित व्यवहार न्यायालय सारंगढ, खरसिया, घरघोड़ा एवं धरमजयगढ तथा परिवार न्यायालय में राजीनामा के आधार पर किया गया और उन प्रकरणों के अंतर्गत कुल 1 करोड़ 58 लाख 43 हजार 765 रुपए का सेटलमेंट हुआ। नेशनल लोक अदालत में उपरोक्तानुसार निराकृत प्रकरणों में से विशेष रूप से परिवार न्यायालय में विवाह विच्छेद से संबंधित लंबित प्रकरण में वादी राजेन्द्र चौहान एवं प्रतिवादी फूलकुमारी चौहान को पीठासीन अधिकारी एवं सदस्यों के द्वारा समझाईश दी जाकर उनके मध्य उत्पन्न हुए मदभेदों एवं कटुता को दूर करते हुए, उनके हितों एवं बच्चों के भविष्य के संबंध में समझाईश दी गई, जिस पर दोनों पक्षकारों ने एक साथ रहने पर सहमति प्रदान की और लोक अदालत के माध्यम से एक टूटता हुआ परिवार पुनर्स्थापित हो गया। साथ ही बच्चों को भरण.पोषण दिलाये जाने के दो मामले में भी बच्चों के भविष्य एवं उनके हितों को ध्यान में रखने एवं दोनों पक्षों को एक साथ सुखपूर्वक जीवन व्यतीत करने की समझाईश के आधार पर अलग-अलग रह रहे पति.पत्नि एवं बच्चों को एक साथ करने में लोक अदालत के माध्यम से सफलता प्राप्त की गई। मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी रायगढ़ की खण्डपीठ द्वारा घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 की धारा 12 के अन्तर्गत लम्बित प्रकरण की आवेदिका रीना पैंकरा एवं अनावेदकगण ससुराल पक्ष के मध्य के आपसी वैमनस्यता एवं कटुता को लोक अदालत के माध्यम से समझाईश दी जाकर सुलह समझौते द्वारा निराकरण कराने में सफलता हासिल की गई।

## दुकान में आग लगने से 4 की मौत दमकल आग बुझाने में जुटी

**रायपुर।** रायपुर के गोलबाज़ार थानांतर्गत रहमानिया चौक के होटल तुलसी में सुबह 3 बजे आग लग गई। मध्यरात्रि हुए इस हादसे से होटल में ठहरे चार लोगों की मौत जलकर मौत हो गई। गोलबाजार थाना पुलिस आग लगने के कारण का पता नहीं लगा पाई है। दमकल के कर्मचारी आग बुझाने में लगे हुए हैं। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस के जवान और फायर ब्रिगेड की दमकल वाहन आग बुझाने में जुटी हुई है। रविवार, सोमवार अलसुबह अचानक होटल तुलसी के पास धुआं उठते देख आसपास को लोग शोर-शराबा सुनकर जाग गए, वहां पहुंचे तो पता चला कि होटल तुलसी में आग लगी है, वहां रहने वाले लोगों को भागने का मौका नहीं मिला, झुलसे लोगों को युद्ध स्तर पर बचाने की कोशिश की जा रही है। एसपी संजीव शुक्ला अधिकारियों के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर वहां फंसे लोगों को आग से बचाने की कोशिश में जुटे है। होटल में रात में सोये चार लोगों की आग की चपेट में आने से उनकी घटनास्थल पर ही मौत होने के समाचार एक टीवी चैनल ने दी है। सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए वहां आवागमन प्रतिबंधित कर विद्युत लाइन बंद करवा दी गई है। पुलिस का कहना है कि, आग बुझने के बाद ही वहां के लोगों से पूछताछ की जाएगी, तभी आग के कारण का खुलासा हो पाएगा।

## साली के बयान से जीजा को हुयी आजीवन कारावास

**न्यायसाक्षी@रायगढ।** अपनी साली के प्रेमी को डंडे से मार मार कर मौत की नींद सुलाने वाले जीजा को प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश गरिमा शर्मा ने आजीवन कारावास व पांच हजार के अर्थदंड की सजा सुनायी। मामला इस प्रकार है, की 31जुलाई 16 को मृतक मनोज अघरिया औरामुड़ा में अपने चचेरे भाई सौखीलाल के साथ उसके ससुराल बिच्छिनारा आया था, जहां वह अपनी प्रेमिका हिरामोती से मिला करता था एक दो साल से उनके बीच प्रेम संबध थे, घटना वाले दिन भी वह हिरामोती से मिला और जब वे बाते कर रहें थे तो हिरामोती के जीजा रामकुमार ने उन्हें देखा ओर मनोज को दो चार झापड़ मारकर घर जाने बोला और हिरा मोती के मां बाप को बुलाया और डंडे से मनोज के सर पर मार कर उसकी हत्या कर दी मनोज की लाश को रात को चौहान श्मशान के पास फेंक दिया ओर मनोज के कपडों को निकाल कर महुआ पेड़ मे टांग दिया तथा मोबाईल व सेंडेल छिपा दिया। तीन अगस्त को गांव वालो ने मनोज के शव को देखा तो पुलिस को खबर दी जिस पर पंचनामा बयान नजरिया नक्शा तैयार कर अरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया उसके विरुध्द पुलिस नें न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी घरघोड़ा के यहां चालान पेश किया जहां से 10 नवंबर 16 को इस अदालत के विचारण में आया जहां हिरामोती ने समस्त घटना क्रम का हुबाहू उल्लेख करते हुये बताया, कि इस के बाद वह घर चली गयी थी मनोज की मृत्यु की जानकारी तीन चार दिन बाद मिली वह मनोज की लाश देखने उसके घर भी गयी थी प्रत्यक्षदर्शी गवाह के इस बयान के बाद विद्धान न्यायाधीश ने रामकुमार को आजीवन कारावास व अर्थदंड से दंडित किया।

## ताला तोड़ किया 20 हजार पर हाथ साफ

**न्यायसाक्षी@रायगढ।** किरोडीमलनगर उच्चभिट्ठी रोड में रहने वाले विजेन्द्रर गिरी 7अप्रैल की रात्रि घर में ताला लगाकर नाईट ड्यूटी पर गया था इसी दरम्यान किसी अज्ञात आरोपी द्वारा घर का ताला तोड़कर जेवर, पालिसी रजिस्ट्री पेपर व नगदी 7000 रूपये जुमला 20,000 रूपये को चोरी कर ले गया, जिसकी रिपोर्ट आज थाना कोतरारोड़ में दर्ज कराने पर धारा 457,380 भादंवि दर्ज कर लिया गया ।

## सड़क का भूमिपूजन 35 लाख की लागत से बनेगा सड़क

**न्यायसाक्षी@रायगढ।** लैलूंगा विधान सभा क्षेत्र के ग्राम आमगांव से रावन गुडा तक 2 किमी डामरीकरण सड़क का भूमिपूजन संसदीय सचिव सुनीति सत्यानंद राठिया के अतिथित्य मे सम्पन्न हुआ। तमनार ब्लाक के आमगांव मे शनिवार को शाम 4 बजे संसदीय सचिव सुनीति राठिया ने 35 लाख की लागत से बन रहे 2 कि मी डामरीकरण सड़क का भूमिपूजन किया जिसका निर्माण एजेंसी पीडब्लूडी विभाग को दिया गया हैं ।

## युवक बालिका को ले भागा

रायगढ ग्राम जोरापाली तथा किरोडीमलनगर से दो नाबालिक बालिकाओ के लापता होने की रिपोर्ट परिजनों द्वारा आज दर्ज करायी गयी है। जोरापाली की 17 वर्षीय बालिका कक्षा 10 वीं तक पढाई करने के बाद घर के घरेलू काम करती थी, 8अप्रैल को बालिका के घर पूजा कार्यक्रम चला रहा था, घर के सभी लोग पूजा में व्यस्त थे, सुबह करीब 11.30 बजे बालिका बाल्टी लेकर पानी लेने गयी थी, काफी देर तक घर वापस नहीं आने पर उसके पिता पानी की टंकी पर जाकर देखे जहां बाल्टी रखा हुआ था बालिका नही थी, आसपास पता करने पर बालिका के पिता को जानकारी मिली कि ग्राम धनागर में रहने वाले युवक को बालिका के साथ गांव में अंतिम बार देखा गया है। बालिका के पिता द्वारा युवक के विरूद्ध नाबालिक लड़की को बहला फुसलाकर भाग ले जाने की रिपोर्ट पर धारा 363,366 भादंवि दर्ज कर लिया गया।

## चोरी के सामान के साथ ढाबा संचालक गिरफ्तार

**न्यायसाक्षी@रायगढ।** भूपदेवपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कुशवाबहरी लक्की ढाबा में रखे चोरी का सामान पिग आयरन, स्पॉन्ज आयरन, आयरन प्लेट्स , आयरन ओर,और सिलिको मैगजीन कुल वजन 4.6 टन कुल कीमती 35000 रूपये जप्त किया गया । आरोपी ढाबा संचालक मो आसिफ को गिरफ्तार कर हिरासत में लिया गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी के साथ प्रशिक्षु सुश्री बाज, स.उ.नि. राजनंद यादव, प्र.आर. शंकर सिंह, आर. दिलीप साहा, समीर बेग, अर्जुन कुजूर शामिल थे।

## युवक ने लगाई फांसी, जहरीले सांप के काटने से वृद्ध की मौत

**न्यायसाक्षी@रायगढ।** रायगढ़ जिले में अलग अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई है मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार पहली घटना में घरघोड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम कसैया में रहने वाला पिताम्बर राठिया उम्र 18 वर्ष ने आज सुबह अज्ञात कारणों से घर के म्यार में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। दूसरी घटना में ग्राम काफरमार जोबी निवासी सियाराम उम्र 60 वर्ष आज सुबह अपने खेत में महुआ पेड़ की देख रेख करने गया था जहां उसे किसी जहरीले सर्प ने काट लिया, जिससे उसका निधन हो गया।

## अवैध शराब के खिलाफ पुलिस लगातार कर रही कार्रवाई अलग अलग स्थानों से शराब जब्त

**न्यायसाक्षी@रायगढ।** थाना प्रभारी छाल एवं क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम के द्वारा ग्राम एडु में छबि साहू उम्र 33 वर्ष के पास से 44 पाव देसी व 20 पाव अंग्रेजी शराब जप्त किया है। मामले आबकारी एक्ट कायम किया गया । इसी टीम द्वारा हाटी स्थित ढाबा चेक कर ढाबा में अवैध रूप से रखा 03 नग बीयर व 13 पाव अंग्रेजी शराब जप्त कर ढाबा मालिक घासी पटेल उम्र 46 वर्ष निवासी के विरूद्ध आबकारी एक्ट कायम किया गया है । कार्यवाही दौरान टीम किराना दुकान में शराब रखे जाने की सूचना मिलने पर किराना दुकान चेक किया गया जहां किराना दुकान में 07 नग बीयर तथा 01 पाव अंग्रेजी शराब मिला जिसे विधिवत जप्त कर मालिक से गोपाल जायसवाल पिता बेचेन जायसवाल उम्र 30 वर्ष साण् हाटी के विरूद्ध अपराध आबकारी एक्ट कायम कर कार्यवाही की गई है।

## योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए लोक सुराज

**न्यायसाक्षी@रायगढ।** ग्राम बुलाकी के ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक सुना रमन के गोठ रायगढ़ मुख्यमंत्री डॉण् रमन सिंह के आकाशवाणी रायपुर केन्द्र से आज प्रसारित मासिक रेडियोवार्ता रमन के गोठ के 20 वीं कड़ी को सुनने पुसौर विकासखण्ड के ग्राम बुलांकी के ग्रामवासी बड़ी सख्या म पहुंचे। मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कहा कि जनता की तकलीफ को देखकर प्रत्यक्ष रूप से इसे दूर करने के कारगर प्रयास करने तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए लोक सुराज आरंभ किया गया है।

## मादा भाले की मौत, साथ में मिले दो शावक

**न्यायसाक्षी@रायगढ।** वन मंडल रायगढ़ में काफी मात्रा में वन्यप्राणी स्वच्छंद विचरण करते हैंए लेकिन इन दिनों तेज गर्मी के कारण अब पानी की तालाश में वन्यप्राणी जंगल से बाहर निकल रहे हैं और किसी न किसी कारणों से उनकी मौत हो रही है। आज एक मादा भालू भी मृत हालत में मिला है। जिसके साथ जीवित दो शावक भी थे। मामले की जानकारी मिलने के बाद वन अमला ने तत्काल भालू के शव का पंचनामा करा कर पोस्टमार्टम कर आगे की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## दुर्घटना रोकने यातायात अमले का हेलमेट अभियान चला

**न्यायसाक्षी@रायगढ।** यातायात विभाग सड़क हादसों में मृत्यु दर कम करने के उद्देश्य से बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चालन करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही करेगी। सड़क हादसों में मृत्यु दर शून्य स्तर तक ले जाने के उद्देश्य से जिले में बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाने वाले हो के विरुद्ध यातायात विभाग अब लगातार कार्यवाही करेगा।

## रायपुर रेलवे स्टेशन की पार्किंग में भीषण आग, 230 दोपहिया खाक

रायपुर। रेलवे स्टेशन की दोपहिया पार्किंग में दोपहर 12 बजे भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने एक-एक कर दोपहिया को अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया। दोपहिया के फ्यूल टैंक में धमाके होने शुरू हो गए। कुछ लोग दोपहिया को खींचने दौड़े, लेकिन लपटों के आगे उनकी कोशिश नाकाफी साबित हुई। अफरा-तफरी मच गई

आग बेकाबू हो चुकी थी और तेजी से बढ रही थी। दमकल की 4 गाड़ियों को आग पर काबू पाने में 2 घंटे तक कड़ी मसकत करनी पड़ी। जीआरपी रिकॉर्ड में 230 दोपहिया गाड़ियां जली हैं। सूचना मिलने पर पुलिसए जीआरपीए रेल के अफसर मौके पर पहुंचे। पार्किंग की रेलिंग के बाहर साइड में कचरा जलते हुए जीआरपी के एक अफसर ने देखा था, लेकिन उन्होंने इसलिए ध्यान नहीं दिया क्योंकि यह रोज की बात है। कुछ ही मिनट में कचरे की यही आग पार्किंग तक पहुंच गई।

# Science News साइंस न्यूज

## वैज्ञानिकों ने उर्वरक उत्पादन के लिए बायोनिक पत्ती की विकसित

वैज्ञानिकों ने बायोनिक पत्ती विकसित की है जो किसानों को अपना खुद का उर्वरक उत्पादन में जोड़ कर अलग अलग करते हुए प्राकृतिक पत्ती की नकल प्रस्तुत करता है। अमेरिका में



करने में मदद कर सकता है और भारत जैसे विकासशील देशों में फसल उत्पादन को बढ़ाकर खाद्य संकट को टालने की क्षमता रखता है। अगली हरित क्रांति में योगदान देने के लिए शोधकर्ता उर्वरक को बनाने के लिए कृत्रिम पत्ती का निर्माण कर रहे हैं। कृत्रिम पत्ती एक ऐसी सामग्री है जो धूप में रखे जाने पर पानी को हाइड्रोजन और ऑक्सीजन हार्वर्ड विश्वविद्यालय के डेनियल नोसेरा ने कहा कि जब आपके पास विशाल केन्द्रीकृत प्रसंस्करण एवं विशाल आधारभूत ढांचा हो तो आप आसानी से उर्वरक बना सकते हैं और इसकी आपूर्ति कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि लेकिन अगर आप भारत में किसी गांव में गंदे पानी के साथ इसे करना चाहें तो इस बात को भूल जाइये।

## भारत के एकसाथ 104 उपग्रह प्रक्षेपित करने से स्तब्ध था अमेरिकी खुफिया एजेंसियों का संभावित प्रभारी



अमेरिका की खुफिया एजेंसी सीआईए सहित देश की सभी खुफिया एजेंसियों के प्रभारी पद की दौड़ में शीर्ष प्रत्याशी ने कहा कि वह यह पढ़कर स्तब्धष रह गये थे कि भारत ने गत महीने एक बार में 100 से ज्यादा उपग्रहों का सफल प्रक्षेपण किया। उन्होंने कहा कि अमेरिका इससे पिछड़ते हुये दिखाई देने का खतरा मोल नहीं ले सकता। कोट्स ने कहाए वे अलग-अलग कार्यों के साथ आकार में छोटे हो सकते हैं लेकिन एक रॉकेट इन्हें भेज सकता है, मुझे लगता है कि उसमें 104 प्लेटफार्म थे, कोट्स के नाम की अगर संसद से पुष्टि हो जाती है तो वह सीआईए समेत अमेरिका की सभी बड़ी खुफियां एजेंसियों के प्रभारी होंगे। गौरतलब है कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो ने 15 फरवरी को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष केन्द्र से एक रॉकेट पर रिकॉर्ड 104 उपग्रहों का सफल प्रक्षेपण किया था।

## आंत में घुस कर पाचन तंत्र की असली तस्वीर पेश करेगा 3डी रोबोट

वैज्ञानिकों ने एक नन्हा और आसानी से निगला जाने वाला सांप की तरह लचीला 3डी प्रिंटेड रोबोट बनाया है जो छोटी आंत तक में जा सकता है और पाचन कैमरा आंत में कुछ जगहों पर फंस सकते है और वहां अगर उनकी बैटरी खत्म हो गयी तो डॉक्टर के पास जांच करने के लिए कोई डेटा नहीं बचेगा। इन



तंत्र की तस्वीर पेश कर सकता है। शोधकर्ताओं ने कहा कि एस ए डब्ल्यू सिंगल एक्ट्यूटर वेव लाइक रोबोट नाम का यह रोबोट लहराता हुआ चलता है और वह छोटी आंत के बेहद नरम और नम वातावरण में भी चल सकता है। मौजूदा समय में की जाने वाली कोलोनोस्कॉपी से केवल बड़ी आंत का निरीक्षण किया जा सकता है, कैमरे से लैस एक लचीली ट्यूब से मलाशय और पेट के दृश्य का अवलोकन किया जाता है और इस प्रक्रिया को कोलोनोस्कॉपी कहा जाता है। पिल कैमरे छोटी आंत में पहुंच सकते हैं लेकिन उन्हें पूरे पाचन तंत्र में घूमने में 12 घंटे का लम्बा समय लगता है। इसाइल में नेगेव की बेन गुरियान यूनिवर्सिटी के मेकेनिकल इंजीनियर डेविड जरोउक ने लाइव साइंस को बताया कि कभी कभी पिल पिल कैमरों से ऊतक नमूने नहीं लिये जा सकते। सांप सुचारू रूप से और लहरा कर चलते हैं जिनका इस्तेमाल तेजी से लंबी दूरी तय करने में किया जा सकता है, जरोउक ने बताया कि शोधकर्ताओं ने एक मोटर का इस्तेमाल कर आसान डिजाइन बनाया और यह कुंडली के घूर्णन की धारणा पर आधारित है। सांप जैसा यह रोबोट इंटरलॉकिंग 3डी प्रिंटेड प्लास्टिक के टुकड़ों से बना है जो कशेरूकाओं की तरह दिखता है, परीक्षण में यह अत्यधिक तेज और पानी से पत्थर जैसी सख्त सतह पर चल सकने में सक्षम दिखा। शोधकर्ताओं को ऐसा लचीला रोबोट बनाने की उम्मीद है जिसमें कैमरा लगा हो और वह छोटी आंत में घुस सकता हो तथा इसका कोलोनोस्कॉपी के लिए इस्तेमाल किया जा सकता हो।

## कई शहरों के ऊपर से गुजरेगी दुनिया की सबसे ऊंची इमारत!

आपने अब तक तरह तरह की इमारतें देखी होंगी लेकिन अब जो इमारत आपके सामने होगी वह आपके होश उड़ा देगी। हम बात कर रहे हैं दुनिया की सबसे ऊंची बिल्डिंग की जो बाकी सभी स्काईस्क्रेपर्स से बिलकुल अलग होगी। इसकी खासियत यह है कि यह अनोखी बिल्डिंग पृथ्वी पर नहीं टिकी होगी बल्कि पृथ्वी का चक्कर लगा रहे कॉमिट धूमकेतु या पुच्छल तारे से लटकी होगी। चौंक गए न! एक आर्किटेक्चर फर्म ने यह अनोखा कॉन्सेप्ट सामने रखा है। Independent.co.in में छपी रिपोर्ट के मुताबिक यह ऐनलेमा टावर धरती की सतह से 31.068 मील, लगभग 50 हजार किलोमीटर ऊपर धूमकेतु से मजबूत केबल्स के सहारे लटका होगा। धूमकेतु के ऑर्बिटल पाथ के मुताबिक यह टावर न्यू यॉर्क और हवाना सहित कई शहरों के ऊपर से गुजरेगा। यह अद्भुत डिजाइन क्लाउड्स आर्किटेक्चर ऑफिस ने तैयार किया है। यह वही कंपनी है जिसने हाउस ऑन मार्सश् और क्लाउड सिटी का कॉन्सेप्ट भी तैयार किया था। मतलब इस कंपनी को ऐसे अजीबो-गरीब आइडियाज में महारत हासिल है।

## ट्रंप की मानव को मंगल ग्रह पर भेजने की योजना



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रप ने एक नए विधेयक पर हस्ताक्षर किए हैं जिसमें मंगल ग्रह पर मानव को भेजने की योजना भी शामिल है। नासा कार्यक्रमों के लिए करीब 20 अरब डॉलर की मंजूरी का प्रावधान हैए नासा संबंधी यह विधेयक एजेंसी को 2018 के लिए 19.5 अरब डॉलर की मंजूरी देता है, विधेयक में उससे वर्ष 2030 के दशक में मंगल ग्रह के लिए चालक दल के सदस्यों वाला मिशन भेजने की योजना बनाने के लिए भी कहा गया है। यह विधेयक वर्तमान कानून में संशोधन करके एजेंसी के लक्ष्यों में मंगल ग्रह पर मानवों को भेजने की योजना शामिल करने की व्यवस्था करता है, राष्ट्रपति ने कहा कि करीब छह दशकों से नासा के काम ने लाखों अमेरिकियों को पृथ्वी पर दूर की दुनिया एवं बेहतर भविष्य की कल्पना करने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने कहा मैं इस विधेयक पर हस्ताक्षर करते हुए खुशी महसूस कर रहा हूं, लंबा वक्त हो गया जब इस तरह के किसी विधेयक पर हस्ताक्षर हुए थे, यह नासा के मूल मिशन, मानवों को अंतरिक्ष में भेजने, अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि करता है।

## पीने लायक हो सकेगा समुद्र का पानीए वैज्ञानिकों ने बनाया खास फिल्टर

**मैनचेस्टरः** समुद्र के खारे जल को भी अब जल्दी ही पीने योग्य बनाया जा सकेगा। वैज्ञानिकों ने एक ऐसा खास फिल्टर तैयार किया



है जिससे समुद्र के बेस्वाद पानी को मीठा और पीने के लायक बनाया जा सकेगा। यूनिवर्सिटी ऑफ मैनचेस्टर के वैज्ञानिकों की एक टीम ने यह उपकरण बनाया है। इससे दूषित पदार्थों को छानने में सफलता मिली है। यह खोज भविष्य के लिए वरदान साबित हो सकती है। बता दें कि हाल ही में संयुक्त राष्ट्र ने चेतावनी दी थी कि 2025 तक दुनिया के करीब 1.20 अरब लोगों को साफपानी मिलने में मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। जर्नल नेचर नैनोटेक्नॉलजी में सोमवार को इस शोध के बारे में घोषणा की गई। इस खास फिल्टर से पानी से नमक को निकाला जा सकता है और उसे पीने योग्य बनाया जा सकता है। मानव जनित जलवायु परिवर्तन के कारण शहरों में पानी की आपूर्ति पर असर पड़ा है। ऐसे में कई देश डीसैलिनैशन, विलवणीकरण पानी से लवणों को निकालने की प्रक्रियाद्ध पर काफी खर्च कर रहे हैं। मैनचेस्टर में इस टीम का नेतृत्व करने वाले प्रोफेसर राहुल नायर ने बताया कि यह आगे बढ़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे डीसैलिनैशन तकनीक को और बेहतर करने दिशा में नए संभावनाओं का द्वार खुलेगा।

## लापता चंद्रयान-1 चंद्रमा का परिक्रमा करते देखा गया

भारत का पहला चंद्र मिशन, आर्बिटर के होने का भी संकेत



चंद्रयान-1 अंतरिक्ष यान अभी भी चंद्रमा का परिक्रमा कर रहा है। नासा के वैज्ञानिकों को अंतरग्रही राडार की नई प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल से इसका पता चला है। इस चंद्रयान को सामान्य रूप से गायब मान लिया गया था, चंद्रयान-1 को 22 अक्टूबर, 2008 को छोड़ा गया था और मुश्किल से साल भर बाद ही 29 अगस्त 2009 को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो का इससे संपर्क टूट गया था। वैज्ञानिकों ने कहा है कि चंद्रयान-1 चंद्रमा की सतह से करीब 200 किमी ऊपर अभी भी चक्कर लगा रहा है। वैज्ञानिकों ने चंद्रयान-1 को पाए जाने के अलावा चंद्रमा के चारों तरफनासा के चंद्र निगरानी अंतरिक्ष यान लुनर रिकानिसंस दिया है। नासा के पासाडेना में जेट प्रणोदन प्रयोगशाला के एक राडार वैज्ञानिक मरीना ब्रोजोविक ने कहा, हम नासा के लुनर रिकानिसंस आर्बिटर एलआरओ और इसरो के चंद्रयान-1 अंतरिक्षयान की चंद्रमा की कक्षा में जमीन पर स्थित राडार से पहचान करने में सक्षम रहे हैं। ब्रोजोविक ने गुरुवार के नासा के बयान में कहा, एलआरओ को खोजना आसान था, क्योंकि हम मिशन नेविगेटर के साथ काम कर रहे थे और हमारे पास इसकी कक्षीय स्थिति से जुड़े आकंड़े थे। इसकी तुलना में भारतीय चंद्रयान-1 की पहचान करने में थोड़ा ज्यादा कार्य करना पड़ा, क्योंकि अंतरिक्षयान से अगस्त 2009 में संपर्क टूट गया था।

## कनाडा में मिला उत्तरी अमेरिका का सबसे पुराना गांव

कनाडा के प्रांत ब्रिटिश कोलंबिया में दूरदराज के एक आइलैंड पर खुदाई में हजारों साल पुराना एक गांव खोजा गया है। उत्तरी अमेरिका में यह अब तक की सबसे पुरानी मानव सभ्यता के निशान माने जा रहे हैं। अनुमान के मुताबिक यह गांव 14,000 साल पुराना है। कनाडा के विक्टोरिया शहर से 500 किलोमीटर उत्तर पश्चिम में ट्रिकेट आइलैंड पर यह गांव मिला है। माना जा रहा है कि यह गांव मिश्र के पिरामिडों से पुराना है। इंडिपेंडंट में छपी रिपोर्ट के मुताबिक वैज्ञानिकों का कहना है कि खुदाई में मिलीं शिल्पकृतियों में आग जलाने और मछली पकड़ने के औजार हैंए साथ ही यहां से भाले भी मिले हैं। ये औजार हिमयुग के हैं जिनसे यह पता चलता है कि उत्तरी अमेरिका में सभ्यता कैसे विकसित हुई।